सार-समाचार

सोनी, नागदा व जांगिड़ बने बेस्ट लिफ्टर

उदयपुर, (कासं)। पैसिफिक विवि के फार्मेसी संकाय ने 15 नवंबर को इंटर कॉलेज वेटलिफ्टिंग, पावर लिफ्टिंग बेस्ट फिजिक चैंपियनशिप आयोजित हुई।चैंपियनशिप का समापन समारोह रविवार को विवि के विश्वेश्वरैया हाल में संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि यूनिवर्सिटी क्रीडा मंडल अध्यक्ष डॉक्टर हेमंत कोठारी, मैनेजमेंट कॉलेज के निदेशक डॉ विपिन माथुर एवं फार्मेसी के निदेशक प्रोफेसर पी.के.चौधरी, पॉलिटेक्निक कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. नीरज श्रीमाली, फिजिकल कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. हेमंत पांडे, विवि क्रीडा मंडल के डा. यशवंत मेनारिया, डॉ. गगन व्यास, जयसिंह जी, डॉक्टर नीलम यादव आदि खेल प्रभारी एवं विनोद साहू पावर लिफ्टिंग इंडिया के जॉइंट सेकेट्री एवं उदयपुर ओलंपिक संघ के सिलेक्टर उपस्थित रहे। विवि क्रिडा मंडल के मुख्य वेट लिफ्टिंग कोच चंद्रेश सोनी के अनुसार दो दिवसीय प्रतियोगिता के पावर लिफ्टिंग पुरुष वर्ग में दिनेश चौहान, करण जांगिड, जयेश कमाया जयेश नागदा। पावरलिफ्टिंग महिला वर्ग-प्राची व्यास, ममता तनु ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया। द्वितीय स्थान पर पुरुष वर्ग पावर लिफ्टिंग में मोहित भाटी, निखिल शर्मा, फरहान खान रहे। वेटलिफ्टिंग पुरुष वर्ग में मोहित भाटी, दिनेश चौहान, जयेश कमोया, फरहान खान व महिलाओं में प्राची सोनी प्रथम रही। प्राची,जयेश एवं करण जांगिड, बने विवि बेस्ट लिफ्टर। चैंपियनशिप का आयोजन फार्मेसी विभाग के सहायक प्रोफेसर अनक्रमण सिंह,राजीव सेन ने किया। संचालन डॉ. गुंजन जादौन ने किया। संस्था के चेयरमेन राहुल अग्रवाल एवं रजिस्ट्रार शरद कोठारी ने विजेताओं को बधाई दी।

मेवाड को पुष्पाजंलि अर्पित की

उदयपुर,(कासं)। मेवाड के पूर्व राजघराने के सदस्य और पूर्व सांसद महेन्द्र सिंह मेवाड के निधन के बाद उन्हें श्रद्धाजंलि देने का दौर जारी है।सोमवार को पंजाब के राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया व शिव विधायक रवीन्द्र सिंह भाटी समोर बाग पहुंचे और पुष्पाजंलि अर्पित की। राज्यपाल कटारिया सोमवार को ही उदयपुर लौटे थे। कटारिया ने समोर बाग पहुंचकर नाथद्वारा विधायक विश्वराज सिंह मेवाड से मुलाकात की और महेन्द्र सिंह मेवाड के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त की। कटारिया ने मेवाड के परिजनों को ढांढस बंधाया। कटारिया के समोर बाग पहुंचने से कुछ समय पहले शिव विधायक रविन्द्र सिंह भाटी समोर बाग पहुंच गए और जब उन्हें पता चला कि कटारिया वहां पर आ रहे है तो भाटी ने कटारिया के आने के बाद हाथ जोडकर कटारिया का अभिवादन करने लगे लेकिन कटारिया भाटी को नजर अंदाज करते हुए आगे निकल गए। कटारिया ने भाटी से आग खडे अन्य व्यक्ति के अभिवादन को स्वीकारते हुए जवाब दिया। कटारिया के साथ भाजपा के कई वरिष्ठ नेता मौजूद थे। वहीं दूसरी और कटारिया के पंहुचने के कुछ समय पहले शिव विधायक रविन्द्र सिंह भाटी समोर बाग पहुंचे और महेन्द्र सिंह मेवाड की तस्वीर पर पुष्प अर्पित किए। इस मौके पर भाटी ने भी विश्वराज सिंह मेवाड से मुलाकात की। हांलाकि समोर बाग में पहुंचने के दौरान भाटी के समर्थकों की भीड लग गई। भाटी से हाथ मिलाने के साथ ही उनके साथ उनके समर्थकों सेल्फी भी ली।

मतगणना दलों का प्रशिक्षण सम्पन्न

उदयपुर, (कासं)। विधानसभा उपचुनाव 2024 की मतगणना शनिवार 23 नवंबर को होगी। सलूंबर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र की मतगणना उदयपुर के राजकीय फतह उच्च माध्यमिक विद्यालय में होगी। जिला निर्वाचन अधिकारी (कलक्टर) अरविंद पोसवाल के निर्देशन में सोमवार को मतगणना दलों में नियुक्त गणन पर्यवेक्षक, गणन सहायक, माइक्रो ऑब्जर्वर का प्रथम प्रशिक्षण नगर निगम के सुखाडिया रगमंच में आयोजित हुआ। इस अवसर पर मतगणना के सहायक रिटर्निंग अधिकारी उपखण्ड अधिकारी मावली रमेश सिरवी, भीण्डर एसडीएम रमेश बहेडिया व बड़गांव एसडीएम निरमा विश्नोई सहित अन्य संबंधित अधिकारी-कार्मिक मौजूद थे।प्रशिक्षण प्रभारी जितेन्द्र ओझा मतगणना से जुड़ी समस्त व्यवस्थाएं समय पर सुनश्चित करने के निर्देश दिए। स्टेट लेवल मास्टर ट्रेनर डॉ. महामाया प्रसाद चौबीसा ने मतगणना दलों को पोस्टल बैलेट गणना व ईवीएम से वोटों की गिनती का व्यावहारिक एवं सैद्धांतिक प्रशिक्षण दिया और गणना के समय 17 सी के पार्ट 2 भरने संबंधी जानकारी दी गई। मतगणना दलों का द्वितीय प्रशिक्षण 21 नवंबर को सुबह 10 बजे सुखाडिया रंगमंच पर आयोजित होगा। मतणगना दिवस पर मतगणना के लिए नियुक्त अधिकारियों को सुबह 6 बजे राजकीय फतह उच्च माध्यमिक विद्यालय पर रिपोर्ट करनी होगी। संबंधित अधिकारियों को परिचय पत्र के बिना प्रवेश नहीं दिया जाएगा। द्वितीय प्रशिक्षण के दौरान प्रवेश पास बनाए जाकर वितरित किए जाएंगे। मतगणना के दौरान नियुक्त अधिकारी-कार्मिकों के लिए मतगणना स्थल पर मोबाइल लाना वर्जित होगा।

जनरेटिव एआई पर ट्रेनिंग प्रोग्राम

उदयपुर, (कासं)। जनार्दन राय नागर राजस्थान विद्यापीठ विवि के संघटक डिपार्टमेंट ऑफ कंप्यूटर साइंस एंड आईटी मेंआईबीएम स्किल बिल्ड द्वारा सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट के लिए जनरेटिव एआई का उपयोग विषय पर एक दिवसीय ट्रेनिंग प्रोग्राम का आयोजन किया गया। संस्थान निदेशक प्रोफेसर मंजू मांडोत ने बताया की इस ट्रेनिंग प्रोग्राम के द्वारा बीसीए,, पीजीडीसीए के विधार्थियों को जनरेटिव एआई के उपयोग की जानकारी प्रदान की। मुख्य वक्ता आईबीएम स्किल बिल्ड के टेक्निकल ट्रेनर तुषार शर्मा ने कहा की जनरेटिव एआई की सहायता से टेक्स्ट, ऑडियो, विडियो, एनीमेशन का निर्माण बहुत सुगम हो गया है एवं इसका उपयोग करके बहुत आसानी से कम खर्च पर फिल्मो का निर्माण किया जा सकता है साथ ही उन्होंने आईबीँमएम स्किल बिल्ड द्वारा विधार्थियों को फ्री में उपलब्ध विभिन्न ऑनलाइन कोर्सेज व इंटर्नशिप के बारे में बताया। उक्त ट्रेनिंग प्रोग्राम में सभी संकाय सदस्य एवं विधार्थी लाभान्वित हुए। कार्यक्रम में डॉ मनीष श्रीमाली , डॉ भारत सिंह, डॉ गौरव गर्ग, डॉ प्रदीप सिंह शक्तावत, डॉ भरत सुखवाल, डॉ दिलीप चौधरी, मानसी नागर, बहादुर सिंह राणावत, दुर्गाशंकर, मुकेश नाथ तथा त्रिभुवन सिंह बमनिया उपस्थित थे।

फील्ड इन्वेस्टीगेटर प्रशिक्षण आज व कल

उदयपुर, (कासं)। परख राष्ट्रीय सर्वेक्षण-2024 के मद्देनजर फील्ड इन्वेस्टीगेटर का एक दिवसीय प्रशिक्षण मंगलवार 19 नवम्बर को डाइट उदयपुर के टैगोर हॉल में आयोजित किया जाएगा। डाइट प्राचार्य चंद्रशेखर जोशी ने बताया कि जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान के तत्वावधान में संस्थान के सेवारत प्रभाग द्वारा प्रभागाध्यक्ष गायत्री जोशी के निर्देशन में यह प्रशिक्षण दो बैच में आयोजित होगा। फील्ड इन्वेस्टीगेटर के लिए डाइट में अध्ययनरत 107 छात्राध्यापकों को चयनित किया गया है। इसी प्रकार सलूंबर जिले के लिए भी डाइट उदयपुर द्वारा बुधवार 20 नवंबर को अनेकांत सेवा संस्थान सलूंबर में 103 अन्य फील्ड इन्वेस्टीगेटर को प्रशिक्षण दिया जाएगा जिनका चयन सेवा संस्थान सलूंबर से ही किया गया है।

पंचायतों को निगम में जोड़ने की मांग

उदयपुर, (कासं)। उदयपुर ग्रामीण विधायक फूलसिंह मीणा ने पंजाब के राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया एवं राजस्थान सरकार के स्वायत शासन विभाग के मंत्री झाबर सिंह खर्रा को उदयपुर में पेराफेरी क्षेत्र में आने वाली पंचायतों को आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिये पत्र लिखा। पत्र में बताया कि उदयपुर में पेराफेरी क्षेत्र में जो ग्राम पंचायतें सम्मिलित की हुई है उन पंचायतों में यू.डी.ए.द्वारा किसी प्रकार की आधारभूत सुविधाएं नहीं दी जा रही है केवल मात्र पेराफेरी क्षेत्र में पंचायतों को सम्मिलित कर लिया गया है। जिसके कारण इस क्षेत्र में किसी प्रकार का कोई विकास कार्य नहीं हो पाया है। ना ही ग्राम पंचायतों के पास इतना बजट है कि वह साफ-सफाई, रोड लाईटस को प्रमुखता से समय पर निर्माण कार्य करवा सकें। उदयपुर में बहुत सी ग्राम पंचायतें जो कि नगर निगम की सीमा के पास में स्थित है अगर उन पंचायतों को नगर निगम में लिया जाता है नगर निगम से साफ-सफाई,नाली, रोड लाईटों, सडक पानी की सप्लाई आदि सुविधाओं सुचारू रूप से मिल सकेगी ओर इन पंचायतों का विकास होगा। पत्र में उदयपुर में पेराफेरी क्षेत्र में निगम क्षेत्र के पास की पंचायतों को निगम में जोडन की मांग की गई जिससे की समुचित विकास हो सके।

विरोध के बावजूद बहु प्रतीक्षित एलिवेटेड रोड का भूमि पूजन

उदयपुर, (कासं)। उदयपुर के सिटी रेलवे स्टेशन से कलेक्टर निवास तक बनने वाले ऐलिवेटेड रोड के लिए सोमवार को पंजाब के राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया ने भूमि पूजन किया। कार्यक्रम में नगरीय विकास मंत्री झाबर सिंह खर्रा भी आने वाले थे,लेकिन उनकी अनुपस्थिति रही।

नगर निगम की देखरेख में बनने वाले एलिवेटेड रोड का कार्य पूरा करने ठेकेदार को दो साल का समय दिया गया है। टू लेन एलिवेटेड रोड 2.75 किलोमीटर लंबी होगी और लागत 136.89 करोड़ आएगी। भूमि पूजन

■ **उपमहापौर सहित कई व्यापरियों ने किया था विरोध**

उदयपुर में बहुप्रतीक्षित ऐलिवेटेड रोड का सोमवार को पंजाब के राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया ने भूमि पूजन किया।

कार्यक्रम में उदयपुर सांसद मन्नालाल रावत, चुन्नीलाल गरासिया,मेयर जीएस टांक, विधायक ताराचंद जैन, फूलसिंह मीणा, भाजपा के शहर जिलाध्यक्ष रविंद्र श्रीमाली, कलेक्टर अरविंद पोसवाल और निगम आयुक्त रामप्रकाश सहित कई लोग मौजूद थे। ऐलिवेटेड रोड बनाने के लिए 12 फर्मों ने भाग लिया था। इनमें से ट्रांसरेल लाइटिंग प्राइवेट लिमिटेड ने 136.89 करोड़ में यह काम करने की हामी भरी। उसके बाद इस फर्म को वर्क ऑर्डर जारी किया गया। नगर निगम ने 179.14 करोड लागत अनुमान लगाकर टेंडर आमंत्रित किए थे।

कुछ लोग इस ऐलिवेटेड रोड को यातायात दबाव कम करने के लिए महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट बता रहे हैं। दूसरी तरफ कुछ लोग यह तर्क दे रहे है कि यह प्रोजेक्ट शहर के लिए नासूर बनेगा। उप महापौर पारस सिंघवी भी इस प्रोजेक्ट के पक्ष में नहीं है। वे कई बार खुलकर इस ऐलिवेटेड रोड के बनने पर सवाल उठा चुके है।

आपको बता दें कि उदयपुर शहर के सिटी रेलवे स्टेशन से कोर्ट चौराहा स्थित कलेक्टर बंगले के आगे बंशी पान तक करीब 2.7 किमी लंबा एलिवेटेड रोड बनेगा।वर्तमान में उदियापोल से कलेक्टर आवास मार्ग पर अभी करीब 69 हजार 268 वाहनों का रोज दबाव रहता है। 2025 तक यह 80 हजार और 2030 तक 1 लाख 14 हजार 869 तक पहुंचने की संभावना है। सिटी रेलवे स्टेशन से कोर्ट चौराहा तक जाम की स्थिति रहती है। इसमें उदयापोल, सूरजपोल,देहलीगेट और कोर्ट चौराहा आता है जहां पर जाम की नौबत रहती है।पारस तिराहे और रेलवे स्टेशन से आने वाले जिनको कोर्ट चौराहा से आगे जाना है वे सीधे एलिवेटेड रोड से ही निकल जाएंगे।

रैली निकाली, किया प्रदर्शन

बांसवाड़ा, (निसं)। अखिल राजस्थान अनुसूचित जातिध्जनजाति छात्र संघ जिला शाखा की ओर से कोटे में कोटा आरक्षण उपवर्गीकरण के संबंध में सुप्रीम कोर्ट के 1 अगस्त के फैसले को लागू करने, टीएसपी क्षेत्र में जनसंख्या के अनुपात में आरक्षण की मांग को लेकर संरक्षक मनोहर खडिया, संभागीय अध्यक्ष प्रकाश बामनिया एवं जिलाध्यक्ष कांतिलाल निनामा के नेतृत्व में राजकीय महाविद्यालय से रैली निकालते हुए कलेक्ट्री गेट पर प्रदर्शन किया।

मनोहर खडिया ने कहा कि उच्चतम न्यायालय ने जो फैसला दिया है उसे सरकार को लागू करना चाहिए यदि टीएसपी क्षेत्र में प्रशासनिक सेवाओं में 12 में से 6 प्रतिशत आरक्षण मिलता है तो यहां के युवाओं को उच्च पदों पर जाने के अवसर मिलेंगे। संभागीय अध्यक्ष प्रकाश बामनिया ने कहा कि छात्रसंघ लंबे समय से जनसंख्या के अनुपात में आरक्षण की मांग कर रहा है इसे शीघ्र पूरा किया जाना चाहिए अन्यथा बडे आंदोलन के लिये तैयार रहना चाहिए। जिलाध्यक्ष कांतिलाल निनामा ने कहा कि संभाग मुख्यालय बनने के बाद भी प्रतियोगी परीक्षाओं का सेंटर नहीं होना दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने बताया कि कईं परीक्षार्थियों की सडक हादसों में हुई मौत के बाद भी प्रशासन नहीं चेता है। इस अवसर पर भगवती भील ने कहा कि हमें अपनी आवाज

सुप्रीम कोर्ट के कोटे में कोटा के निर्णय को लागू करने की मांग को लेकर रैली निकाली।

खुद बनना पडेगा। इस अवसर पर युकां अध्यक्ष शाश्वत गरासिया, एनएसयूआई के आसीफ खान, शैलेन्द्र खराडी, पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष मनोज डामोर, वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष जितेंद्र डोडियार, जिला महासचिव मुन्ना खांट, गढी विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष प्रेस डिंडोर, जिला महासचिव लतेश मईडा आदि ने भी अपने उद्बोधन में टीएसपी क्षेत्र से न्याय की वकालात की। रैली में जिला उपाध्यक्ष विशाल मईडा, जिला महामंत्री राहुल कटारा, जिला संगठन मंत्री बादल बामनिया, जिला प्रवक्ता अर्जुन मईडा, सरपंच नरभेश कटरा, यूथ कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष हेमंत मईडा, राजेंद्र मसर, विनोद निनामा छोटी सरवन तहसील अध्यक्ष विकास मईडा, बागीदौरा तहसील अध्यक्ष रिकलेस डामोर, गढी तहसील अध्यक्ष महेंद्र खराडी, विकास डामोर, रामू कटारा, हरिदेव जोशी कन्या महाविद्यालय की पूर्व अध्यक्ष अर्पिता वाघेला, गनोडा महाविद्यालय के पूर्व अध्यक्ष धनपाल निनामा, कन्हैयालाल मईडा, वरिष्ठ छात्र नेता शैलेश चरपोटा, मुकेश निनामा, महाविद्यालय के इकाई अध्यक्ष भवानी सिंह, उपाध्यक्ष गौरव बडेरा, महासचिव हितेश बामनिया,लकी मईडा, देवीलाल खडिया, केसुरम, राजूराम शामिल रहे।

आरक्षण में वर्गीकरण को लेकर एबीवीपी ने भी समर्थन किया। एबीवीपी के आनन्द निनामा ने बताया कि आरक्षण वर्गीकरण कोटे में कोटा फैसले का एबीवीपी समर्थन करती है।

शराब जब्त

बांसवाड़ा, (निसं)। पाटन थाना पुलिस ने अवैध शराब तस्करी के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए मध्यप्रदेश निर्मित लगभग 1 लाख रुपये कीमत की 33 पेटी अवैध शराब व वाहन जब्त किया।

थानाधिकारी हिम्मत बुनकर ने बताया कि आईजी एस. परिमला, पुलिस अधीक्षक हर्षवर्धन अग्रवाला व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजेश भारद्वाज के निर्देशन व कुशलगढ वृत्ताधिकारी मदनलाल विश्नोई के पर्यवेक्षण में पुलिस थाना पाटन की टीम ने मध्यप्रदेश से अवैध रुप से तस्करी कर राज्य में लाई जा रही अवैध शराब के खिलाफ कार्यवाही एवं रोकथाम के लिये 17 नवंबर को संध्याकालीन गश्त की। पुलिस जाप्ता बडी सरवा गांव से बाहर खवासा एमपी जाने वाले मार्ग पर नाकाबंदी कर आने-जाने वाले वाहनों को चौक कर रहे था कि नाकाबंदी के दौरान खवासा एमपी तरफ से सफेद रंग के वाहन के आने पर पुलिस जाप्ते ने रोकने का ईशारा किया जिस पर चालक ने वाहन को तेज गति से भगाया।पकडे जाने के डर से चालक गाडी को छोडकर अंधेरे का फायदा उठाकर भाग गया। वाहन की जांच करने पर उसके अंदर मध्यप्रदेश राज्य निर्मित अंग्रेजी शराब बीयर जिसमें लंडन प्राईड प्रीमियत व्हीस्की के 3 कार्टून एवं पावर कूल बीयर के 24 कार्टून, देशी मदिरा प्लेन के 6 कार्टून शराब-बियर भरी होना पाया गया। जब्त शराब की बाजार कीमत लगभग 1 लाख रुपये हैं।

बैठक आज

उदयपुर, (कासं)। जिला स्वच्छ भारत मिशन-कार्यकारी परिषद की बैठक 19 नवंबर को सुबह 11 बजे जिला परिषद सीईओ हेमेन्द्र नागर की अध्यक्षता में जिला परिषद सभागार में आयोजित होगी। सीईओ नागर ने बताया कि बैठक में विश्व शौचालय दिवस अभियान 2024 के शुभारंभ, स्वच्छता मित्रों के सम्मान, व्यक्तिगत शौचालय के लाभार्थियों को शौचालय स्वीकृति पत्रों का वितरण, सामुदायिक शौचालय आदि बिन्दुओं पर चर्चा की जाएगी।

कटारिया को लिखा पत्र

उदयपुर, (कासं)। शहर के वरिष्ठ नागरिक मदन मोहन टांक ने पंजाब के राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया को पत्र लिखकर शहर में ऐतिहासिक दृष्टि से अपना विशेष स्थान रखने वाली धोली बावड़ी को पुनर्जीवित कराने की अपील की है। पत्र के माध्यम से टांक ने कटारिया को अवगत कराया कि आप सदैव शहर के विकास को लेकर प्रतिबद्ध रहे है और आपके प्रयासों से शहर के कई ऐतिहासिक व पर्यटक स्थलों को विशिष्ट पहचान मिली है। इस पत्र में धोली बावड़ी का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि वास्तविकता यह है कि यह बावडी उदयपुर शहर की सबसे सुन्दर बावडी थी। यदि इस बावड़ी को पुनः जागृत कर दिया जाए तो निश्चित रूप से इसे पर्यटक देखने आयेंगे। इससे सुन्दर बावड़ी उदयपुर में न तो कभी थी, न है और न कभी नई बन सकती है। इस ऐतिहासिक व मेवाड की धरोहर को पुनर्जीवित करने के लिये आपसे आग्रह है कि इसके लिए प्रसाशनिक व वित्तीय स्वीकृति जारी करने हेतु संबंधित को निर्देशित करे। उल्लेखनीय है कि सन् 1882 में तत्कालीन महाराणा सज्जन सिंह जी ने दिल्ली दरवाजे के अन्दर एक बावड़ी का निर्माण कराया था। यह तीन मंजिला बावड़ी राजनगर के सफेद मार्बल से बनाई गई थी।

बांसवाड़ा में अंतर महाविद्यालय एथलेटिक मीट का उद्घाटन

बांसवाड़ा, (निसं)। गोविंद गुरु जनजातीय विश्वविद्यालय तथा न्यू लुक गर्ल्स कॉलेज के संयुक्त तत्वाधान में अंतर महाविद्यालय एथलेटिक मीट 2024 का उद्घाटन कुलपति प्रो. केशव सिंह ठाकुर के मुख्य आतिथ्य में जिला खेल मैदान पर किया गया। उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता न्यूलुक ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन के निदेशक डॉ प्रदीप कोठारी ने की।

अध्यक्षीय उद्बोधन में कोठारी ने हर्ष जताते हुए कहा कि आज वागड क्षेत्र की प्रतिभाएं भी विश्वविद्यालय तथा निजी महाविद्यालयों द्वारा निरंतर किए गए प्रयासों के कारण राष्ट्रीय स्तर पर अपनी छाप छोड रही हैं। मुख्य अतिथि कुलपति प्रोफेसर केशव सिंह ठाकुर ने बताया कि विश्वविद्यालय प्रशासन का प्रयास रहा है कि खेल सुविधाओं की सहज उपलब्धता वागड क्षेत्र के खिलाडियों को मिलती रहे, वहीं इन सुविधाओं में और बढोतरी करने एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर की सुविधाए विश्वविद्यालय द्वारा उपलब्ध करवाए जाने के लिए विश्वविद्यालय प्रशासन निरंतर राज्य सरकार के संपर्क में है। कार्यऋम में विशिष्ट अतिथियों के रूप में जिला खेल अधिकारी धनेश्वर मईडा तथा दीप कोठारी असिस्टेंट डायरेक्टर न्यूलूक ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन एवं आब्जर्वर के रूप में प्रो. आशीष कुमार मौजूद रहे।

खेल स्टेडियम में अंतर महाविद्यालय एथलेटिक मीट 2024 का उद्घाटन करते अतिथि।

इससे पूर्व न्यूलूक गर्ल्स कॉलेज के प्राचार्य डॉ सुशील सोमपुरा ने प्रतियोगिता का परिचय देते हुए बताया कि 100, 200 व 10हजार मीटर दौड, लॉन्ग जंप, हाई जंप, शॉट पुट सहित 15 इवेंट खेले जाएंगे जिसमें 30 टीमों ने अपना पंजीकरण करवाया है। उदघाटन के पश्चात खेले गए इवेंट्स में छात्र वर्ग में 1० हजार मीटर की दौड की गई जिसमें प्रथम कल्पेश निनामा गोविंद गुरु राजकीय महाविद्यालय, द्वितीय इसी कॉलेज के अजय डामोर व तृतीय स्थान अजय कुमार एसडीआरके कॉलेज ने प्राप्त किया। छात्र वर्ग में ही 1500 मीटर दौड में अरविंद मईडा एसजीजी कॉलेज, बांसवाडा ने प्रथम, राहुल डामोर ने द्वितीय एसजी कॉलेज बांसवाडा व तृतीय महर्षि रोत राज नोबल कॉलेज डूंगरपुर ने सुरक्षित किया। हाई जंप में प्रथम चंदूलाल राजकीय महाविद्यालय राम सगडा, द्वितीय सुमित जोशी लियो कॉलेज तथा तृतीय निखिल पानेरी आरएनटी कॉलेज अरथूना ने प्राप्त किया। हाई जंप में प्रथम दानियाल, द्वितीय कमलेश मसार अरावली कॉलेज तथा तृतीय गणेश पटेल एसजीजी कॉलेज रहे। जैवलिन थ्रो के इवेंट में प्रथम विश्राम रावत एसजीजी बांसवाडा द्वितीय कमलेश मसार अरावली कॉलेज बांसवाडा तथा तृतीय रिपु दमन सिंह आदर्श कॉलेज आनंदपुरी रहे। शॉट पुट के इवेंट में प्रथम महेश कलासुआ एसजीजी बांसवाडा द्वितीय चॉइस कलाल फ्लावर किड्स कॉलेज सागवाडा तथा तृतीय लाल सिंह एसजीजी बांसवाडा रहे।

सार-समाचार

प्रदर्शनी का अवलोकन किया

उदयपुर, (कासं)। शहर के विद्या भवन गोविंदराम शिक्षक महाविद्यालय में सोमवार को शिक्षण अधिगम सहायक सामग्री की प्रदर्शनी लगाई गई। समन्वयक डॉ. मीनाक्षी शर्मा ने बताया कि प्रदर्शनी में बी.एड. प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों ने 60 चार्ट एवं 32 क्रियाशील मॉडल बनाकर लगाए। चार्ट और मॉडल आकर्षक, विचारोत्तेजक, कम बजट, स्वत: स्पष्ट एवं गतिविधि आधारित थे। विद्यार्थियों ने ये शिक्षण अधिगम सामग्री दस दिवसीय कार्यशाला में पूर्ण की। प्रदर्शनी का उद्घाटन शिक्षा जगत के विद्वान प्रो. एम.पी. शर्मा एवं प्रो. डी.एन. दानी ने किया। प्रो. शर्मा ने कहा कि विद्यार्थियों द्वारा बनाई गई शिक्षण सामग्री में अवधारणा, कौशल एवं सामग्री का बेहतर उपयोग एवं प्रयोग नजर आया। प्रो दानी ने कहा शिक्षण सामग्री बनाते समय ध्यान रखें कि उसमें केवल एक ही अवधारणा हो, साथ ही वे चिंतनशीलता का विकास करने वाले हो। इस मौके पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. फरजाना इरफान, गांधी शिक्षण संस्थान की प्राचार्य डॉ. भगवती अहीर, अभिलाषा स्कूल के विशेष बालकों सहित संकाय सदस्यों एवं 250 विद्यार्थियों ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

अवैध शराब से भरी कार जब्त

उदयपुर, (कासं)। फलासिया थाना पुलिस ने तलाशी अभियान के दौरान ढाई लाख रूपये से अधिक की अवैध शराब से भरी कार जब्त की।जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंजना सुखवाल, पुलिस उप अधीक्षक नेत्रपालसिंह के सुपरविजन में फलासिया थानाधिकारी सिताराम मय टीम ने नाकाबंदी के दौरान कार को रूकने का इशारा किया। इस पर चालक नाकाबंदी तोड़ कर भागा। जिसे पीछा कर पकड़ने का प्रयास किया लेकिन चालक आमलिया के आगे कच्चे रोड़ पर अंधेरे में कार छोड़ कर फरार हो गया। मौके पर पहुंच कर तलाशी ली तो कार में अवैध शराब के 44 कर्टन पाए गए। जिसकी बाजार कीमत तीन लाख रूपये से अधिक की बताई जाती है। कार का पिछा करने के दौरान हेडकांस्टेबल प्रकाश ने कार चालक मांगीलाल के रूप में पहचान की है जो थाने का हिस्ट्रीशीटर है।

वनों के प्रबंधन पर की चर्चा

उदयपुर, (कासं)।सेवानिवृत्त वन अधिकारियों की समिति की बैठक रिटायर्ड सीसीएम एवं ग्रीन पीपल सोसायटी के अध्यक्ष राहुल भटनागर की अध्यक्षता में महाराणा प्रताप कालोनी सेक्टर 13 में आयोजित हुई। बैठक में राजस्थान में विशेष रूप से मेवाड में वनों के प्रबंधन पर चर्चा हुई। आजादी से पूर्व के रियासत कालीन बने कानूनों और आजादी के बाद के नियमों तथा प्रबंधन, नीति और प्रभाव पर प्रकाश डाला गया। कई ऐसे कानून थे जिनकी बाद में पूरी तरह से अनदेखी की गई और वे प्रभावहीन हो गये। वर्तमान में वन अधिकार अधिनियम के क्रियान्वयन पर चिंता व्यक्त की गई जिसमें आवेदन करने की कार्य समय सीमा नहीं है। बैठक में वनों की सुरक्षा, विकास तथा वन्यजीव संरक्षण एवं प्रबंधन पर विचार विमर्श किया गया। बैठक में आर.एस.शेखावत, आर के सिंह, पी. एल शर्मा, सुहेल मजबूर, बृजपाल सिंह, सुरेन्द्र सिंह, फतेह सिंह राठोड, प्रताप सिंह चूण्डावत एवं वी.एस.राणा ने भाग लिया।

अवैध शराब सहित एक गिरफ्तार

उदयपुर, (कासं)। शहर के सविना थाना पुलिस ने अवैध शराब व नकदी सहित कार जब्त कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया। जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश ओझा, पुलिस उप अधीक्षक छगन पुरोहित के सुपरविजन में आईसी थाना सविना रामावतार एसआई, डिएसटी पुलिस की टीम ने संयुक्त कार्यवाही करते हुए दीपक पुत्र मुकेश कुमार निवासी नारायणजी का मोहल्ला देवगढ राजसमंद हॉल बोहरा गणेश चौराहा की जीप से 29 कर्टन अवैध शराब कर व 2 लाख 53 हजार 210 रूपये नकदी बरामद कर प्रकरण दर्ज किया। बरामद शराब की बाजार कीमत करीब दो लाख रूपये बताई जाती है।

आत्महत्या के लिए प्रेरित करने का मामला

उदयपुर, (कासं)। गोगुन्दा कस्बे में चचेरी बहनों को आत्महत्या करने के लिए प्रेरित करने वाले के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया। गोगुन्दा थानाधिकारी शैतानसिंह ने गत दिनों विषाक्त वस्तु सेवन करने वाली चचेरी बहनों भावना व रविना निवासी गेहलोतों का गुडा को आत्महत्या करने के लिए प्रेरित करने वाले अब्दुल्ला मोरी पोस्ट गुलाटी हापुड़ युपी निवासी शहवाज पुत्र तहसीन के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया। उल्लेखनीय है कि गोगुन्दा थाना क्षैत्र गेहलोतों का गुडा निवासी रविना (17) पुत्री पूनम भारती एवं भावना (17) पुत्री भंवर भारती ने विषाक्त वस्तु का सेवन कर आत्महत्या कर ली। दोनों चचेरी बहने होकर कक्षा 11वीं में पढती थी एवं रविवार सांय दोनों घर से बिना बताए निकल गई थी। दूसरे दिन गवरीथल बीडे में इमली पेड़ के निचे मृत अवस्था में पड़ी थी। इसकी सूचना मिलने पर एएसआई नन्दलाल ने मौके पर पहुंच कर मृतकों का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया था। इस मामले में किए गए अनुसंधान में मिले साक्ष्यों के आधार पर आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है।

अध्यापक की अकाल मौत

उदयपुर, (कासं)। शहर के भुपालपुरा थाना क्षैत्र में अध्यापक की अकाल मौत हो गई। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमवार को भुपालपुरा थाना क्षैत्र सुभाषनगर मॉ लक्ष्मी अपार्टमेंट निवासी चन्द्रवीरसिंह (55) पुत्र जगनाथसिंह की अकाल मौत हो गई। चन्द्रवीर अध्यापक है तथा सोमवार को बाजार से वापस घर लौटा था। इस दौरान अचानक तबीयत खराब होने पर परिजन उसे उपचार के लिए चिकित्सालय ले गए। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर एएसआई हिरसिंह ने मृतक का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया।

आत्महत्या के प्रयास में युवक की मौत

उदयपुर, (कासं)। फांसी लगा आत्महत्या करने का प्रयास करने वाले युवक की मौत हो गई। प्रकरण के अनुसार 14 नवंबर को झल्लारा थाना क्षैत्र नेडी भटवाड़ा गांव निवासी ईश्वर (19) पुत्र गांगा मीणा खेत पर मवेशियों को पानी पिलाने के लिए लेकर गया था। जहां उसने मवेशी की रस्सी को खोल कर बबूल के पेड़ पर फंदा डाल कर फांसी लगा ली। इसको देख दौड़ कर आई उसकी मां व अन्य पड़ोसी उसे फंदे से निचे उतार कर सलूम्बर चिकित्सालय ले गए। जहां से रेफर करने पर एमबी चिकित्सालय में भर्ती करवाया। जहां रविवार रात में उसकी मौत होगई। सूचना मिलने पर एएसआई किशोरसिंह ने मृतक का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया। आत्महत्या करने के कारणों का पता नहीं चल पाया।

स्वास्थ्य समिति की बैठक

उदयपुर, (कासं)। जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक मंगलवार सुबह 10.30 बजे जिला कलक्टर अरविंद पोसवाल की अध्यक्षता में जिला परिषद सभागार में आयोजित होगी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी शंकर बामनिया ने बैठक में समस्त विभागीय जिला स्तरीय अधिकारी, खण्ड मुख्य चिकित्सा अधिकारी, चिकित्सा अधिकारी प्रभारी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के प्रभारी अधिकारी एवं खण्ड कार्यक्रम अधिकारी एजेण्डा अनुसार समस्त सूचनाओ के के उपस्थित रहने को कहा है।

सांसद रावत 19 को करेंगे जनसुनवाई

उदयपुर, (कासं)। सांसद डॉ मन्नालाल रावत मंगलवार को जिला परिषद स्थित अपने कार्यालय में सुबह 11 से दोपहर 1 बजे तक जनसुनवाई करेंगे। आमजन इस दौरान अपने परिवाद, परिवेदना आवश्यक दस्तावेजों के साथ सांसद के समक्ष प्रस्तुत कर सकेंगे।

कार्यालय नगर पालिका नाथद्वारा, जिला-राजसमन्द (राज.)

Email:-np_ntd@yahoo.in Phone.-02953-233526

क्रमांक/न.पा.नाथ./नामा./2024/12931 दिनांक : 18/11/2024

-:आपत्ती सूचना:-

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित व्यक्तियों द्वारा जरिये क्रय शुदा/पट्टा शुदा के आधार पर भूखण्डों का नामान्तरण/ नाम हस्तान्तरण का स्वयं के नाम पर निम्नांकित वर्णित सम्पत्ति पर नामान्तरण/ नाम हस्तान्तरण में कराने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त आवेदन के संबंध में किसी भी हितधारी को कोई आपत्ती हो तो सात दिवस (कार्य दिवस) में नगर पालिका कार्यालय में लिखित रूप से प्रस्तुत कर दें अन्यथा प्रकरण में कोई आपत्ती प्राप्त नहीं होने एवं दस्तावेज पूर्ण पाये जाने पर नियमानुसार कार्यवाही पूर्ण करते हुए उक्त प्रकरणों में आगामी कार्यवाही सम्पादित कर दी जायेगी।

क्र. सं.	आवेदक का नाम व पता	आवेदित सम्पत्ति का पता	पड़ौस का विवरण पूर्व	पश्चिम	उत्तर	दक्षिण
1	श्रीमती चन्द्रकला चौहान पत्नी श्री बैजनाथ सिंह चौहान, नाथद्वारा	भूखण्ड संख्या-15 क्षेत्रफल 2195वर्गफिट, कृष्णा कोलोनी, फेज -द्वितीय, नाथद्वारा	आम रास्ता 30 फिट	अन्य कृषि भूमि	भूखण्ड संख्या -14	भूखण्ड संख्या -16

आयुक्त, नगर पालिका नाथद्वारा